Volume:1 Issue:9 March2016

# E-newsletter

(Monthly Publication)

# Kanpur Municipal Corporation

कानपुर नगर निगम

संरक्षक

श्री जगतवीर सिंह द्रोण
मा० महापौर
श्री देवेन्द्र कुमार सिंह कुशवाहा
नगर आयुक्त

परामर्श मण्डल

श्री अजय प्रताप सिंह
मुख्य वित्त एवं लेखाधिकारी
इं० एम० के० सिंह
मुख्य अभियंता (सिविल)
श्री जवाहर राम
महाप्रबंधक,जलकल

मुख्य सम्पादक

इं० सुरेश चंद
प्रभारी आई०टी०

सह संपादक

श्री वी०के० सिंह
उद्यान अधीक्षक
डॉ ए०के० सिंह
पशु चिकित्सा अधिकारी

कंप्यूटर टंकण/डिज़ाइन

संदीप कुमार तिवारी

## 1- घाटों की सफाई विशेष अभियान



*" अविरल गंगा निर्मल गंगा " नारे को मूर्तरूप प्रदान करने का एक बार फिर से बीड़ा उठाया कानपुर नगर निगम ने* / सभी अवगत है | कि कानपुर में गंगा के तटो पर भीषण गन्दगी व्याप्त होने के कारण गंगा सफाई अभियान पूर्ण रूप से सफल नहीं हो पाता है इसी बात को द्रष्टिगत रखते हुए इस बार कानपुर नगर निगम ने गंगा घाटों की सफाई का कार्य 4 घंटे प्रातः 7 बजे से 11 बजे तक नगर निगम सीमा में बैराज से शेखपुर घाट जाजमऊ 12 किमी में बने 21 घाटों में अनवरत सफाई का अभियान चलाया गया| इस सफाई अभियान को 12 सेक्टर में बाटा गया , जिसमे प्रत्येक एक किमी में 100 सफाई कर्मचारी, दो सनेटरी इन्सपेक्टर एवं एक जोनल अधिकारी को लगाया गया | इस प्रकार इस सफाई अभियान में 1200 सफाई कर्मचारियों की टीम ने घाटों की सफाई की | नगर निगम के इस अभियान को सफल बनाने के लिए नगर के जिलाधिकारी श्री कौशल राज शर्मा , अपर जिलाधिकारी श्री अविनाश सिंह ने अपने अधिकारियों के साथ सफाई अभियान में घाटों की सफाई का कार्य स्वयं कार्य करते हुए प्रारम्भ कराया गया | इस सफाई अभियान से प्रभावित होकर नेहरु युवा कोष्ट सिविल डिफेंस के कार्यकर्ताओं एवं विभिन्न स्कूली बच्चो ने मानव श्रंखला बना कर लोगो को पर्यावरण के प्रति जागरूक भी किया |नगर निगम ने अपने इस विशेष सफाई अभियान में लगभग 20 ट्रक कचरा केवल घाटों से निस्तारित किया | इनमे सरसैया घाट,परमट घाट आदि प्रमुख थे | गायत्री परिवार की महिला कार्यकर्ताओ ने भी अभियान में रिक्शा लेकर नगर वासियों को जागरूक करने का प्रयास किया और नागरिको को घाटों को गन्दा न करने का भी सन्देश दिया | नगर निगम ने भी नागरिकों को भविष्य में इस तरह कार्य करते हुए गंगा तटो की सफाई को यथासंभव सदा के लिए साफ सुथरा रखने को प्रेरित किया| नगर निगम के इस सफाई अभियान को नगर के प्रबुद्ध नागरिकों द्वारा इसे एक सराहनीय कदम बताया गया तथा नगर निगम की प्रशंसा की गयी|





Address: Motijheel, Kanpur - 208 002, Uttar Pradesh
Website - http://kmc.up.nic.in, Email– Kanpur_nagar.nigam@yahoo.co.in
Phone– 0512 254 1258/6194, Fax– 0512 252 5554
Online complaint No. - 0512 252 6004/05, Toll Free No. - 18001805124

## 2 - नगर निगम द्वारा जोन वाइज कराये गए सिविल कार्यो का विवरण

| क्रम संख्या | कार्य का नाम | लागत (रु) लाख में |
|---|---|---|
| 1 | जोन–2 के जाजमऊ क्षेत्र में सी0ई0टी0पी0 परिसर में स्लज के भण्डारण हेतु 2 शेड एवं आन्तरिक विकास कार्य। | 15870192 |
| 2 | जोन–3 वार्ड–55 के अन्तर्गत एच ब्लाक शनीदेव मन्दिर से हरे रामा हेरे कृष्णा गेस्ट हाउस तक नाले का सुधार कार्य। | 4807426 |
| 3 | जोन–2 वार्ड–30 के अन्तर्गत मछरिया के राजीव नगर में इरशाद ट्रेडिंग कं0 से आशुतोष सेवा स्टेशनरी तक आर0सी0सी0 द्वारा गहरी नाली का निर्माण कार्य। | 4895323 |
| 4 | जोन–5 वार्ड–38 फजलगंज 123/119 से भारत पेट्रोल पम्प तक नाला निर्माण कार्य। | 4040352 |
| 5 | जोन–5 वार्ड–33 में ई0डब्ल्यू0एस0 1/365 से 232/366 और एल0आई0जी0 31 से 231/625 तक सडक का सुधार कार्य। | 3378969 |
| 6 | जोन–4 के अन्तर्गत लाला लाजपतराय हैलट कैम्पस जी0टी0 रोड से केस्को, जच्चा बच्चा विभाग एवं आपातकालीन कक्ष से पार्क तक जल निकासी हेतु नाला–नाली का निर्माण कार्य। | 3303539 |
| 7 | जोन–2 वार्ड–10 इलाहाबाद हाइवे से एलेन हाउस कालेज होते हुये कुलगॉव तक प्लाण्ट द्वारा रोड का सुधार कार्य। | 7139916 |
| 8 | जोन–5 वार्ड–17 पनकी पडाव में नाला निर्माण कार्य। | 1884088 |
| 9 | जोन–5 वार्ड–33 पनकी गंगागंज–2 एम0आई0जी0 70 से गोरेलाल मन्दिर के सामने तक नाला निर्माण कार्य। | 2623950 |
| 10 | जोन–5 में थम्स अप तिराहे से फर्टीलाइजर तक नाला निर्माण कार्य। | 4870000 |

## 3 - सेवानिवृत्त कर्मचारियों की देयको सहित बिदाई

नगर निगम मुख्यालय स्थित समिति कक्ष में मा0 महापौर श्री जगतवीर सिंह द्रोण व नगर आयुक्त श्री देवेन्द्र कुमार सिंह कुशवाहा द्वारा 31.03.16 को सेवा निवृत्त हुए 34 कर्मचारियों को माला पहनाकर , उनके समस्त सेवानिवृत्त देयकों के साथ शॉल व मिठाई देकर बिदाई की गयी । मा0 महापौर जी ने सभी सेवानिवृत्त कर्मचारियों को आशीर्वचन दिये तथा उनके अच्छे स्वास्थ्य एवं दीर्घायु की कामना की। इस अवसर पर नगर निगम के सम्मानित पार्षदगणों के अतिरिक्त अपर नगर आयुक्त प्रथम श्री विनोद कुमार गुप्ता, मुख्य वित्त एवं लेखाधिकारी श्री अजय प्रताप सिंह, जोनल अधिकारी, व नगर निगम के अन्य अधिकारी/ कर्मचारी उपस्थित रहे।

*सामान्य कर (गृहकर) जमा करके कानपुर महानगर व अपने वार्ड के विकास हेतु अपने दायित्व का निर्वहन करे।*

# 4 . कानपुर का ऐतिहासिक होली मिलन समारोह गंगा मेला



कानपुर का गंगा मेला समारोह पूरे भारत में होली मिलन का एक अनोखा समारोह है। कानपुर गंगा के तट पर बसा होने के कारण इस समारोह का धार्मिक स्वरूप भी हो जाता है। बहुत कम लोग कानपुर के गंगा मेला के ऐतिहासिक स्वरूप से परिचित होगें। वस्तुतः यह धार्मिक न होकर विशद ऐतिहासिक महत्व का ही है। होली पर्व की प्रतिपदा को होने वाले रंग समारोह से भी बड़ा यह कानपुर का गंगा मेला है।

कानपुर का देश की आजादी में महत्वपूर्ण स्थान रहा है। कहते है कि अंग्रेजों के जमाने में कानपुर के हरिमा बाजार में होली जलाने का कार्यक्रम था किन्तु अंग्रेजी अफसरो की हठ धर्मिता के चलते हरिमा में इस पर रोक लगा दी गई। होली पर्व की इस रोक के प्रतिरोध में श्री मुंशी राम शर्मा सोम, श्यामलाल गुप्ता आदि धरने पर बैठ गये|जिस कारण अंग्रजों ने उन्हे जेल में डाल दिया फलस्वरूप कानपुर के समस्त नागरिको व हटीया बाज़ार व्यापारी वर्ग ने इनके न छोडे जाने तक होली पर्व न मनाने का निर्णय लिया। परिणामतः हारकर अंग्रेजों को उन्हें छोड़ना पड़ा तद्परोत कानपुर के सभी नागरिको व व्यापारियो ने अनुराधा नक्षत्र मे उत्साह पूर्वक होली पर्व मनाया। तब से आज तक उसी याद मे होली पर्व मनाया जाता है।



उसी परिप्रक्ष्य में इस वर्ष का भी होली मिलन समारोह गंगा मेला बड़ी ही धूमधाम से सरसैयाघाट स्थित गंगातट पर मनाया गया। जिसमें कानपुर के सभी प्रशासनिक अधिकारी व नगर आयुक्त श्री देवेन्द्र कुमार सिंह कुशवाहा आदि ने भी एक दूसरे से गले मिलकर होली मिलन का पर्व मनाया। महापौर श्री जगतवीर सिंह द्रोण ने भी नगर के विधायको सांसदो व अन्य प्रबुद्ध नागरिकों से गले मिलकर होली पर्व की बधाईयां दी। इस अवसर पर नगर निगम ने अपनी सफाई टीम के माध्यम से सफाई कराकर एवं जगह.जगह चूने आदि का छिड़काव कराकर स्वच्छ स्थल बनाकर आयोजन को सफल बनाने में अपनी महत्व भूमिका निभाई , जिससे आयोजन सफलता पूर्वक सम्पन्न हो सका। इस अवसर पर महा गंगा आरती का भी आयोजन किया गया |





*अपने नगर को स्वच्छ एवं सुन्दर रखने में अपना सहयोग प्रदान करें। कूड़ा सड़क पर ना फेंके। पॉलिथीन का प्रयोग ना करें।*

## 5- पर्यावरण जागरूकता की ओर नगर निगम का एक कदम



भारतीय हिन्दू समाज में व्यक्ति की मृत्यु होने पर विभिन्न प्रकार की लकडियों के माध्यम से शवदाह करने का विधान युगों से चला आ रहा हैं। किन्तु आज के वैज्ञानिक युग व बढ़ती जनसंख्या के कारण वृक्षों के जंगल समाप्त हो रहे है और उनके स्थान कंक्रीट के जंगलो ने ले लिया है परिणामतः वृक्ष समाप्त होते जा रहे है। यदि यह दोहन जारी रहा तो वह दिन दूर नहीं जब हमें शवदाह के लिये वृक्षों की लकड़ी भी अनुपलब्ध होने लगेगी। बढ़ती आबादी के कारण लकडियों के द्वारा शवदाह करने पर वायु प्रदूषण भी हो रहा है जिससे अनेकानेक रोगों की भी उत्पत्ति होती है। ऐसी स्थिति को दृश्टिगत रखते हुये और समाज को इस ओर जागृत करने के उद्देष्य से कानपुर नगर निगम में विद्युत शवदाह गृहों की श्रृखंला प्रारम्भ की गयी है | निगम का उद्देष्य वायु प्रदूषण व वृक्षों के अनावष्यक क्षरण पर रोक लगाना है | इन विद्युत शवदाह गृहों को क्रमशः भैरोघाट, भगवतदास घाट तथा आगे चलकर सिद्धनाथ घाट में भी स्थापित किया जाना है। पहले इनमें मामूली शुल्क लिया जाता था लेकिन जनता को जागरूक करने एवं उद्देश्यपरक बनाने हेतु नगर निगम कार्यकारिणी ने प्रस्ताव स्वीकृत कर अब इन्हें निःशुल्क कर दिया गया है। नगर निगम पार्षद श्री अशोक चन्द्र तिवारी, श्री राकेश साहू, भाजपा पार्षद दल के नेता श्री सत्येन्द्र मिश्रा का इस पुनीत कार्य में महत्वपूर्ण योगदान रहा ।

## *6- AMRUT DETAILED PROJECT REPORT (DPR)*

अमृत मिशन के अंतर्गत निम्न दो कार्यो की डीपीआर शासन के स्वीक्रतार्थ प्रेषित की गयी|

NAME OF WORK –1: LANDSCAPING, BEAUTIFICATION & HOTICULTURAL DEVELOPMENT AT MAHABALIPURAM , DAYANAND VIHAR INDIRA PARK INCLUDING THREE YEARS MAINTAINENCE , NAGAR NIGAM KANPUR .

SUMMARY OF TOTAL PROJECT COST

| SL NO | Name of park | Civil | Electrical | Horticulture | Amount |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | MAHABALIPURAM | 17636730.00 | 8983364.00 | 29671523.00 | 56261617.00 |
| 2 | DAYANAND VIHAR | 1422048.00 | 261792.00 | 2522860.00 | 4206700.00 |
| 3 | INDIRA PARK | 1272625.00 | 261792.00 | 2206698.00 | 3741115.00 |
| | TOTAL | 20331403.00 | 9476948.00 | 34401081.00 | 64209432.00 |
| | | | | 1% Labour cess | 642094.00 |
| | | | | GRAND TOTAL | 64851526.00 |

2: सीवरेज योजना डिस्ट्रक्ट-**4** में बिछायी गयी नई सीवर लाइन के पूर्ण उपयोग हेतु **7650** नवीन हाउस कनेक्टिंग चैम्बर के निर्माण एवं तत्सम्बंधित कार्य- रु० **37.88** करोड़ |

*अपने सामान्य कर (गृहकर) का जमा कर 12 % की दर से बढते ब्याज से बचे।*